हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, बुधवार, मई 15, 2024

11 मैरिट वाली छात्राओं का फूलमालाओं से स्वागत



12 सामान्य पर्यवेक्षक ने किया स्ट्रॉंग रूम का निरीक्षण



## खबर संक्षेप

### खेत में लगे सोलर ट्यूबवेल की मोटर चोरी

**फतेहाबाद।** गांव गोरखपुर में एक खेत में लगे सोलर ट्यूबवेल की मोटर चोरी हो गई। पुलिस को दी शिकायत में पवन कुमार ने कहा है कि उसका दहमान रोड पर जोहड़ के पास खेत है। गत रात को अज्ञात चोर उसके खेत में घुसकर वहां से सोलर पम्प की मोटर को चोरी कर ले गया। सुबह जब वह खेत में गया तो उसे चोरी का पता चला तो उसने इस बारे पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई।

### रतिया में क्रेटा और ब्रेजा गाड़ी में हुई टक्कर

**रतिया।** रतिया में एक क्रेटा और ब्रेजा गाड़ी में टक्कर हो गई। इस बारे पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई गई है। पुलिस को दी शिकायत में पंजाब के जगदीप सिंह ने कहा है कि गत दिवस वह मूनक से अपनी गाड़ी में अपने गांव आ रहा था। जैसे ही वह रतिया शहर के पास पहुंचा तो सामने से आ रही एक ब्रेजा चालक ने उसकी क्रेटा गाड़ी में टक्कर दे मारी। हादसे में गाड़ी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।

### ट्यूबवेल से तार चोरी के दो आरोपी गिरफ्तार

**भट्टूकलां।** जाखल थाना की म्योंद चौकी पुलिस ने चोरी की वारदात का खुलासा करते हुए दो चोरों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। दोनों आरोपियों की पहचान जगसीर व वकील के रुप में हुई है। बिन्द्र सिंह ने शिकायत दी कि 3-4 मई की रात को उसके खेत में लगे ट्यूबवेल से अज्ञात युवक केबल चोरी करके ले गए हैं। इस पर पुलिस ने सुराग जुटाकर चोरी की वारदात का खुलासा किया।

### बाइक सवारों ने महिला के गले से झपटी चेन

**सिरसा।** शहर के गोल डिग्गी चौक के समीप मंगलवार सुबह बाइक पर सवार आए दो युवक एक महिला के गले से सोने की चेन छीनकर मौके से फरार हो गए। शहर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। रेणु मित्तल के पति बाबू राम मित्तल ने बताया कि उसकी पत्नी मंगलवार सुबह मंदिर से पूजा घर लौट रही थी। इसी दौरान बाइक पर सवार होकर दो युवक आए और रेणु के गले से सोने की चेन झपट ली।

### पेशी पर आई सास पर बहू ने किया हमला

**सिरसा।** सिरसा अदालत में पंजाब से पेशी पर आई सास पर बहू ने हमला कर दिया। इसके बाद महिला का बेटा व पति आए तो बहू स्कूटी पर सवार होकर फरार हो गई। पुलिस ने बहू के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। लुधियाना निवासी आरती के पुत्र नितिन की शादी सिरसा में रोहिणी अरोड़ा के साथ हुई थी। करीब दो साल पहले घरेलू अनबन के चलते उसकी पुत्रवधु रोहिणी मायके जाकर रहने लगी। पुत्रवधु ने ससुराल वालों के खिलाफ केस किया हुआ है। आरती का कहना है कि सोमवार को वह अपने पति संजीव व पुत्र के साथ पेशी भुगतने आई थी।

## पूर्व डिप्टी सीएम चन्द्रमोहन को सौंपा ज्ञापन

# आंगनबाड़ी वर्कर्स ने मांगों को लेकर डीसी कार्यालय पर किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

आंगनबाड़ी वर्कर्स एवं हैल्पर्स यूनियन के आह्वान पर सैंकड़ों आंगनबाड़ी वर्करों और हैल्परों ने मंगलवार को डीसी कार्यालय पर जोरदार प्रदर्शन किया और प्रदेश की भाजपा सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शन की अध्यक्षता जिला प्रधान सुनीता झलनियां ने की और संचालन माया पूनियां ने किया। वर्करों ने कहा कि वे लंबे समय से अपनी मांगों को लेकर आंदोलन कर रही है लेकिन प्रदेश की भाजपा सरकार उनकी कोई सुनवाई नहीं कर रही।



**फतेहाबाद।** प्रदर्शन के बाद पूर्व डिप्टी सीएम चन्द्रमोहन को ज्ञापन सौंपती आंगनबाड़ी वर्कर्स।

### समाधान की गारंटी दें

उनके साथ दुश्मनों जैसा व्यवहार किया जा रहा है। इस कारण आज चुनाव में विपक्ष के उम्मीदवारों को ज्ञापन सौंपकर मांग की गई है कि वे उनकी मांगों को अपने चुनाव अभियान में शामिल करें और उनका समाधान करवाने की गारंटी दें। इसी को लेकर आज प्रदर्शन के बाद आंगनबाड़ी वर्कर्स द्वारा पहले उपायुक्त के माध्यम से निदेशक को ज्ञापन भेजा गया वहीं उसके बाद फतेहाबाद आए पूर्व डिप्टी सीएम चन्द्रमोहन बिश्नोई को भी मांग पत्र सौंपा गया।

### अभी तक भुगतान नहीं

प्रदर्शन के दौरान आंगनबाड़ी वर्कर्स को संबोधित करते हुए जिला प्रधान सुनीता झलनियां व सीटू नेता बेगराज ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार द्वारा वर्ष 2018 में बढ़ाए गए 1500 व 750 रुपए का भुगतान आज तक नहीं किया गया है। पिछले 5 साल से एरियर सहित भुगतान करने, वर्ष 2021-22 में आंदोलन के दौरान काटे गए बकाया मानदेय का तुरंत भुगतान करने, बर्खास्त वर्कर्स का बर्खास्त की अवधि का बकाया मानदेय का भुगतान करने, हर माह के 7 तारीख तक मानदेय देना सुनिश्चित करने, हेल्पर से वर्कर, वर्कर से सुपरवाइजर की पदोन्नति का कोटा 25 प्रतिशत से बढ़ाकर 50 प्रतिशत करने, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका को दुर्घटना की स्थिति में निधन पर 5 लाख का बीमा का प्रावधान करने आदि मांगों को लेकर यूनियन लंबे समय से आंदोलन कर रही है। इन्हीं मांगों को लेकर आंगनबाड़ी वर्कर्स द्वारा आज प्रदर्शन किया गया है। सीटू नेता बेगराज ने कहा कि आंगनगाड़ी का न्यूनतम वेतन 26000 हो। वर्कर एवं हेल्पर को कुशल एव अकुशल की श्रेणी में रखा जाए।

### तो फिर आंदोलन

उन्होंने कहा कि अगर प्रदेश सरकार ने इन मांगों का तुरंत समाधान नहीं किया गया तो आंगनबाड़ी वर्कर एक बार फिर से आंदोलन की राह पर होगी और आंदोलन को तेज किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी वर्कर्स एवं हेल्पर यूनियन चुनाव में अपना हिसाब किताब करते हुए तथा आंदोलन के दौरान उनके साथ किए दुर्व्यवहार, वायदा खिलाफी और लगातार 4 महीने तक भूखे प्यासे सड़कों पर रहने का बदला लेने के लिए भाजपा के खिलाफ और इंडिया गठबंधन का समर्थन करेंगी। प्रदर्शन में सावित्री देवी, मंजुला, इंदिरा, राजबाला, सुनीला, माया पूनिया व सुप्रीम कोर्ट की एडवोकेट चेतावन शामिल रही।

# अर्द्धसैनिक बल व पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च



**सिरसा।** ओढां क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकलते पुलिस व अर्धसैनिक बल।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ओढां

- नशीला पदार्थ बिकता हुआ दिखाई दे तो पुलिस को सूचना दें
- आमजन में सुरक्षा व भाईचारे की भावना को बनाए रखें

पुलिस अधीक्षक डबवाली के निर्देशानुसार आगामी लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करवाने के लिए उप पुलिस अधीक्षक जयभगवान व थाना ओढां अनिल कुमार की मौजूदगी में जिला पुलिस डबवाली व पैरामिलिट्री फोर्स ने थाना ओढां के क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकाला।

पुलिस अधीक्षक डबवाली ने बताया कि लोकसभा चुनाव को देखते हुए पुलिस ने पैरामिलिट्री फोर्स के साथ थाना ओढां के क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकाला गया है। इस दौरान उन्होंने कहा कि मताधिकार आपका अधिकार है इसलिए आप अपने मत का निडर होकर प्रयोग जरूर करें। यह फ्लैग मार्च गांव सालमखेड़ा से जंडवाला जटान, किंगरे, मलिकपुरा, मिठड़ी, टप्पी, चोरमार, चोरमार खेड़ा, जलालआना से ओढां बस स्टैंड तक ग्रामीण क्षेत्र में निकाला गया। फ्लैग मार्च के द्वारा आमजन में सुरक्षा व भाईचारे की भावना को बनाए रखना है। वहीं चुनाव को प्रभावित करने वाले शरारती तत्वों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करने का भी संदेश दिया गया है। पुलिस अधीक्षक डबवाली ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि अगर आपको कहीं पर भी अवैध नशीला पदार्थ बिकता हुआ दिखाई दे या आपको मादक पदार्थो बारे कोई भी जानकारी हो तो इसकी सुचना तुरंत पुलिस को दें और चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करवाने में डबवाली पुलिस का सहयोग करें। इस दौरान पैरामिलिट्री फोर्स व उप पुलिस अधीक्षक डबवाली जयभगवान, थाना प्रबंधक ओढां अनिल कुमार व भारी संख्या में जिला पुलिस बल व पैरामिलिट्री फोर्स मौजूद थी।

# दिव्यांग मतदाता व्हीलचेयर के लिए कर सकते हैं ऑनलाइन आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

लोकसभा आम चुनाव में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा सभी वर्गो के सामान्य मतदाताओं के साथ-साथ दिव्यांग मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए भी महत्वपूर्ण प्रयास किए जा रहे हैं। दिव्यांगजनों के लिए मताधिकार का प्रयोग सहज एवं सुविधाजनक बनाने के उद्देश्य से आयोग द्वारा सक्षम एप बनाया गया है। यह एप दिव्यांग मतदाताओं के लिए वरदान है, इस एप के माध्यम से दिव्यांग मतदाता व्हीलचेयर व पोलिंग बूथ तक आवागमन के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

### पोस्टल बैलेट की भी सुविधा

जिला निर्वाचन अधिकारी आर के सिंह ने बताया कि आयोग का सक्षम एप दिव्यांगजनों को चुनाव से जुड़ी मतदाता केंद्रित विभिन्न सेवाओं का लाभ उठाने के लिए बनाया गया हैं। सक्षम एप के साथ-साथ आयोग द्वारा 85 वर्ष से अधिक आयु के मतदाता, 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता वाले मतदाताओं के लिए पोस्टल बैलेट की भी सुविधा दी गई है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने सामान्य मतदाताओं के साथ-साथ दिव्यांग मतदाताओं से भी अधिक से अधिक मतदान करने का आह्वांान करते हुए कहा है कि सक्षम एप के इंटरफेस को दिव्यांगजनों की जरूरतों को देखते हुए उनके अनुकूल बनाया गया है। सक्षम एप के माध्यम से दिव्यांग वोटर मतदाता सूची में अपना नाम चेक करने के अलावा पोलिंग बूथ की लोकेशन, बूथ तक आवागमन के लिए व्हीलचेयर के लिए अनुरोध कर सकता है।

# पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में चंद्रकला प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

थैलेसीमिया दिवस के उपलक्ष्य में स्थानीय जिला नागरिक अस्पताल में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में राजकीय एएनएम ट्रेनिंग स्कूल की छात्राओं ने भाग लिया।

वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. आरके दहिया सहित अन्य चिकित्सकों ने छात्राओं द्वारा बनाए गए पोस्टर का अवलोकन किया गया और उनकी सराहना की। प्रतियोगिता में चंद्रकला प्रथम, खुशबू द्वितीय तथा अमनदीप कौर ने तृतीय स्थान हासिल किया। वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. आरके दहिया ने कहा कि थैलेसीमिया एक वंशानुगत रक्त विकार है, जो असामान्य जींस के माध्यम से माता-पिता से बच्चों में आ जाता है। थैलेसीमिया ग्रस्त व्यक्ति सामान्य कार्यशील लाल रक्त कणिकाओं को पैदा करने में असमर्थ होता है, इसके कारण व्यक्ति को रक्त की कमी हो जाती है और मरीज को लगातार 2 से 3 सप्ताह के अंतराल में खून की जरूरत रहती है। डॉ. सोनल सिंगला के द्वारा आए हुए सभी लोगों को थैलेसीमिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी। यह लक्षण बच्चों में पहले वर्ष में ही दिखाई देने लग जाते हैं जिससे खून की कमी हो जाती है और बच्चा बीमार रहने लगता है, जैसे-जैसे बीमारी बढ़ती जाती है चेहरा आम बच्चों से अलग दिखने लग जाता है और दांत भी बाहर निकलने लग जाते हैं और चेहरे पर पीलापन भी दिखाई देने लगता है। इस अवसर पर बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. भारत भूषण मित्तल, नोडल अधिकारी डॉ. सोनल सिंगला, डॉ. विनोद जांगड़ा, डॉ. सुमित कंबोज, नेत्रदान परामर्शदाता राहुल, परामर्शदाता कमल कक्कड़ मौजूद रहे।




**सिरसा।** पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में अव्वल रही छात्राएं।

# दो युवकों ने एक महिला के गले से सोने की चेन छीनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

शहर में अपराधी बेखौफ नजर आ रहे है। मंगलवार सुबह भी शहर के मॉडल टाउन में एमएम कॉलेज के साथ लगते दिव्य योग मंदिर के पास बाइक सवार दो अज्ञात युवकों ने एक महिला के गले से करीब अढ़ाई तोले सोने की चैन छीन ली। घटना की सीसीटीवी फुटेज सामने आई है। इसमें युवक चेन तोड़ते हुए नजर आ रहे हैं। पीड़ित महिला ने इस बारे पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस मामले की जांच में जुटी है। मिली जानकारी के अनुसार दिव्य योग मंदिर के पास रहने वाली संतोष सिंगला मंगलवार सुबह करीब 6 बजे अपनी सास के साथ दिव्य योगा मंदिर जा रही थी। इतने में पीछे से बाइक पर आए दो युवक आए। एक ने उसके गले पर झपटा मारकर सोने की चेन तोड़ ली। वारदात की सूचना पुलिस को भी दी गई। इसके बाद सीसीटीवी फुटेज खंगाली गई तो युवक उसमें नजर आए। सीसीटीवी फुटेज में सामने आया कि बाइक पर दो युवक आते हैं और उनमें से एक युवक उतर कर महिला के पीछे जाता है। वह चेन झपट लेता है और बाइक पर फरार हो जाते हैं।

# एमसीएमसी कमेटी से इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में चुनावी विज्ञापनों की अनुमति लेनी होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

जिला निर्वाचन अधिकारी आर के सिंह ने कहा कि चुनाव आयोग के दिशा-निर्देश अनुसार मतदान के दिन या एक दिन पहले जिला मीडिया, प्रमाणीकरण एवं निगरानी कमेटी की अनुमति के बिना प्रिंट मीडिया में किसी भी प्रकार का राजनैतिक विज्ञापन प्रकाशित नहीं किया जाएगा। निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि चुनाव प्रक्रिया के अंतिम चरण में प्रिंट मीडिया के माध्यम से राजनैतिक विज्ञापनों के द्वारा किसी मतदाता को गुमराह नहीं किया जा सके, इसके लिए विज्ञापन का प्रमाण-पत्र लेना अनिवार्य है। मतदान के दिन तथा मतदान से एक दिन पहले प्रिंट मीडिया में विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए एम.सी.एम.सी. कमेटी से दो दिन पहले अनुमति लेनी होगी। इसके अलावा इलेक्ट्रोनिक मीडिया में दिए जाने वाले विज्ञापनों की अनुमति के लिए तीन दिन पहले आवेदन करना होगा। उन्होंने बताया कि उम्मीदवारों को इलेक्ट्रोनिक मीडिया में दिए जाने वाले विज्ञापनों के लिए भी जिलास्तरीय एमसीएमसी कमेटी से अनुमति लेनी अनिवार्य है।

### विज्ञापनों का व्यय चुनावी खर्च में जोड़ा जाएगा

उन्होंने बताया कि सभी प्रकार के विज्ञापनों का व्यय उम्मीदवार के चुनावी खर्च में जोड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधि अधिनियम 1951 की धारा 77(1) तथा 127 ए के तहत आयोग ने निर्देश दिए हैं कि किसी भी राजनैतिक पार्टी या उम्मीदवार के विरुद्ध प्रिंट मीडिया में चुनाव अवधि के दौरान किसी भी प्रकार का विज्ञापन या चुनाव संबंधित सामग्री प्रकाशित करते समय प्रकाशक को विज्ञापन के साथ अपना नाम व पता प्रदर्शित करना होगा। उन्होंने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय के अनुसार केबल टीवी नेटवर्कस विनियामक अधिनियम 1995 के प्रावधानों का उल्लंघन होता है तो उल्लंघनकर्ता के विरुद्ध आदेश पारित किए जाएंगे। यहां तक कि उसके उपकरणों को जब्त किया जा सकता है। सभी प्रकार के विज्ञापन या पेड न्यूज भारतीय प्रेस परिषद व पत्रकार आचरण नियम 2020 तथा न्यूज ब्रॉडकास्ट एवं डिजिटल एसोसिएशन के नियमों के तहत प्रकाशित होने चाहिए।

### वांटेड नशा सप्लायर महिला गिरफ्तार

**चोपटा।** चोपटा थाना पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के मामले में करीब 4 साल से वांटेड एक महिला को पलवल क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया है। चोपटा थाना प्रभारी सत्यवान ने बताया कि गिरफ्तार की गई महिला की पहचान कांता बाई पत्नी गोपाल सिंह निवासी ढाणी दीवान सिंह बाघपुर मोहना जिला पलवल के रूप में हुई है। चोपटा थाना प्रभारी ने बताया कि 7 अगस्त 2020 को एंटी नारकोटक्सि सेल, सिरसा पुलिस की एक टीम ने मोटरसाइकिल सवार दो युवकों सतपाल तथा भीम को 12 ग्राम हैरोइन के साथ नेजिया खेड़ा क्षेत्र से काबू किया था। पकड़े गए युवकों से पूछताछ के दौरान कांता बाई पत्नी गोपाल सिंह की सप्लायर के रूप में पहचान हुई थी। महत्वपूर्ण सूचना के आधार पर आरोपिया महिला को उसी के गांव बागपुर मोहना, पलवल क्षेत्र से काबू किया गया है।

# आचार संहिता के दौरान 30 पीओ व 28 बेल जम्पर काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

पुलिस ने आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से अब तक अलग-अलग मामलों में काफी समय से वांछित अपराधियों, अदालत से गैरहाजिर पीओ व बेल-जम्परों को काबू कर सलाखों के पीछे भेजने का काम किया है। फतेहाबाद पुलिस ने गुप्त सूचना व छापामारी कर अदालत से गैर हाजिर 30 पीओ व 28 ही बेल-जम्परों को काबू करने में सफलता हासिल की है। पुलिस अधीक्षक आस्था मोदी ने कहा कि चुनाव को शांतिपूर्वक, निष्पक्ष और भय मुक्त वातावरण में संपन्न करवाने के उद्देश्य से लाइसेंसधारक अपना हथियार बिना किसी देरी के जमा करवाए और चुनाव के दौरान किसी के पास भी कोई हथियार नहीं होना चाहिए। जो लोग अपने लाइसेंसी शस्त्र जमा नहीं करेंगे, उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही वह अशांति फैलाने में शामिल पाए गए तो उनके शस्त्र लाइसेंस निरस्त कर प्रशासन को रिपोर्ट भेजी जाएगी। एसपी ने कहा कि शस्त्र लाइसेंस धारक अपना हथियार जमा नहीं करवाते हैं तो उनके शस्त्र लाइसेंस का नवीनीकरण रोककर, लाइसेंस की कैंसिलेशन की प्रक्रिया अमल में लाई जाएगी। पुलिस अधीक्षक ने जिले की आम जनता से अपील की है कि चुनाव के दौरान यदि कोई व्यक्ति शांति भंग करता है या किसी प्रकार का षड्यंत्र रचने की जानकारी उनके पास है तो इसकी तुरंत सूचना डायल 112 या चौकी में दे सकते हैं। सूचना देने वाले व्यक्ति का नाम गोपनीय रखा जाएगा। जनता से चुनाव को शांतिपूर्ण सफल बनाने के लिए सहयोग की अपील की है।



एसपी आस्था मोदी

## एमएम शिक्षण महाविद्यालय में विदाई समारोह व एलुमनी मीट का आयोजन

# अर्चना मिस और नरेंद्र व साहिल बने मिस्टर फेयरवेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

मनोहर मेमोरियल शिक्षण महाविद्यालय में बी.एड. प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों द्वारा बी.एड. व डीएलएड द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्रबंधन समिति के उपप्रधान संजीव बत्रा व प्राचार्या डॉ. जनक रानी द्वारा दीप प्रज्वलित करके किया गया। कार्यक्रम के आरंभ में विद्यार्थियों द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया। इसके बाद प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों ने द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों के सम्मान में बहुत ही सुंदर वे आकर्षक रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया वहीं विभिन्न प्रकार के गेम्स व टाइटल प्रदान करके उनको विदाई दी। द्वितीय वर्ष की पूजा ने अपने 2 साल के अनुभव को सांझा किया और अपने जूनियर्स को शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम के मंच संचालन की भूमिका राहुल, जैस्मिन और रितु ने निभाई। बी.एड. से अर्चना व पूजा को मिस फेयरवेल और नरेंद्र को मिस्टर फेयरवेल चुना गया। डी.एल.एड. से मिस फेयरवेल ज्योति व साहिल को मिस्टर फेयरवेल का खिताब से नवाजा गया। इस अवसर पर उपस्थित समस्त स्टाफ सदस्यों ने द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी व जीवन के प्रत्येक स्तर पर कामयाबी मिले, ऐसी प्रभु से कामना की। इस अवसर पर महाविद्यालय में पूर्व छात्र संघ की ओर से पूर्व विद्यार्थी मिलन समारोह यानि एलुमनी मीट करवाई गई। पूर्व छात्रों ने महाविद्यालय में आयोजित बी.एड. द्वितीय वर्ष की विदाई पार्टी में भी हिस्सा लिया और उन्हें भावी जीवन की शुभकामनाएं देते हुए उनके साथ अपने जीवन के अनुभव सांझा किये। इस अवसर पर पूर्व छात्र संघ के प्रधान प्रदीप कुमार, उप प्रधान अनिल इन्दल के साथ पूर्व छात्र संघ के अन्य सदस्य भी मौजूद रहे। महाविद्यालय के प्रबंधन समिति के उपप्रधान संजीव बत्रा, प्राचार्या डॉ. जनक रानी मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे और पूर्व विद्यार्थियों से महाविद्यालय की प्रगति संबंधी विषयों पर चर्चा की।



**फतेहाबाद।** एमएम शिक्षण महाविद्यालय में मिस फेयरवेल व मिस्टर फेयरवेल को सम्मानित करते स्टाफ सदस्य।



# किंग में दिखेगा शाहरुख खान का धाकड़ अवतार

**मुंबई।** शाहरुख खान अपनी अपकमिंग फिल्म 'किंग' की तैयारी कर रहे हैं। ये फिल्म जल्द ही रिलीज होने वाली है। इससे पहले ही इसकी कथित तस्वीरें सोशल मीडिया पर छाईं हुई हैं। शाहरुख खान इन तस्वीरों में लंबी दाढ़ी के साथ खतरनाक नजर आ रहे हैं। इसके साथ ही बड़े बालों वाले शाहरुख खान ने काला चश्मा पहना हुआ है। इस लुक को देखकर फैन्स भी एक्शन की उम्मीद कर रहे हैं। शाहरुख खान ने इसस पहले पठान और जवान में भी दमदार एक्शन दिखाया था। अब 1 बार फिर से शाहरुख खान पर्दे पर दमदार मार-धाड़ के साथ पेश होने वाले हैं।

## लाइफ Style



# मन्नारा पहली बारिश एंजॉय करती दिखीं

बिग बॉस 17 फेम मन्नारा चोपड़ा शो के खत्म होने के बाद भी दर्शकों के बीच काफी चर्चा में रहती हैं। अभिनेत्री सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं और अपने प्रशंसकों के साथ अपनी रील्स वीडियो भी साझा करती रहती हैं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बिग बॉस 17 फेम मन्नारा चोपड़ा शो के खत्म होने के बाद भी दर्शकों के बीच काफी चर्चा में रहती हैं। अभिनेत्री सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं और अपने प्रशंसकों के साथ अपनी रील्स वीडियो भी साझा करती रहती हैं। अब हाल ही में, मन्नारा को आलोचनाओं का सामना करना पड़ा है। दरअसल, मन्नारा ने मुंबई की पहली बारिश का एक वीडियो अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल पर साझा किया, जिसके बाद लोगों ने उन्हें ट्रोल करना शुरू कर दिया है। नेटीजंस ने उनके पोस्ट को वाहियात बताया और कहा कि जब वह वीडियो शूट करने में व्यस्त थीं तो तूफान के कारण लोगों की जान चली गई। एक यूजर ने कमेंट कर लिखा, 'जब शहर में लोग मर रहे हों तो नाचने का समय नहीं है,' जबकि दूसरे ने लिखा, 'इनको एहसास ही नहीं वह कितने के घर बिखर गए हैं'। एक और यूजर ने अफसोस जताया, 'लोग घायल हो रहे हैं और समस्याओं का सामना कर रहे हैं और यहां क्या हो रहा है...'। बता दें कि मुंबई के घाटकोपर उपनगर में एक विशाल होर्डिंग गिरने से 14 लोगों की जान चली गई, जिसमें 80 से अधिक लोग फंस गए और उसके नीचे दसियों कारें और अन्य वाहन नष्ट हो गए।

## हॉलीवुड मसाला



# 'ड्यून प्रोफेसी' में दिखाएंगी जलवा

**लॉस एंजिलिस।** क्रू के बाद तब्बू एक बड़े प्रोजेक्ट में नजर आने वाली हैं। देश में अपनी अदाकारी का जादू चलाने वाली अभिनेत्री अब विदेश में अपने अभिनय का जलवा जल्द बिखेरती नजर आने वाली हैं। एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार अभिनेत्री टीवी सीरीज ड्यूनः प्रोफेसी में एक अहम किरदार में दिखेंगी। यह टीवी सीरीज मूल रूप से 2019 में 'ड्यूनः द सिस्टरहुड' शीर्षक के तहत शुरू की गई थी। यह ब्रायन हर्बर्ट और केविन जे एंडरसन के उपन्यास 'सिस्टरहुड ऑफ ड्यून' से प्रेरित है।



# कान में दिखेगी तब्बू-अजय की फिल्म की झलक...

**लॉस एंजिलिस।** प्रतिष्ठित कान फिल्म फेस्टिवल आज 14 मई से शुरू हो गए हैं। यहां भारतीय फिल्में और फिल्म निर्माता देश की प्रतिभाओं से रूबरू कराएंगे। कान फेस्टिवल का 77वां संस्करण 25 मई तक चलेगा। इसमें तब्बू और अजय देवगन की आगामी फिल्म 'औरों में कहां दम था' की झलक दिखाई जाएगी। कान के भारत पवेलियन में फिल्म की झलक देखने को मिलेगी। अजय देवगन और तब्बू की रोमांटिक म्यूजिकल थ्रिलर फिल्म की स्नीक पीक कान में 17 मई को विशेष रूप से दिखाई जाएगी। इस फिल्म का निर्देशन नीरज पांडे ने किया है। वहीं, इसका इसका संगीत ऑस्कर विजेता कंपोजर एम एम कीरवानी ने कंपोज किया है। यह फिल्म 5 जुलाई 2024 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी।



# दीपिका ने मेहनत से पलट दी कायनात

**मुंबई।** टीवी स्टार दीपिका सिंह आज किसी पहचान की मोहताज नहीं है। दीपिका सिंह ने टीवी के कई सीरियल्स के किरदारों में जान फूंक कर शोहरत का ये खास मुकाम हासिल किया है। उन्होंने यहां तक पहुंचने के लिए खूब मेहनत की है। बचपन में गरीबी की जिल्लत झेली और अपनी मेहनत के दम पर बॉलीवुड में अपनी जगह बनाई। आज दीपिका सिंह टीवी की दुनिया की स्टार बन गईं है। दीपिका सिंह ने बीते दिनों मुंबई में स्ट्रगलिंग दिनों की कहानी भी सुनाई थी। जिसमें उन्होंने बताया था कि एक बार उनकी ही दोस्त ने उन्हें आधी रात घर से बाहर निकाल दिया था। उन्होंने बताया था बचपन में पैसों की कमी के चलते काफी बुरे अनुभवों को झेला है। उनके पिता का बिजनेस काफी घाटे में चला गया था। इसके चलते अचानक पूरा परिवार आर्थिक तंगी से जूझने लगा।



# अक्षय-आलिया को लेकर बनाएंगे फिल्म

**मुंबई।** डायरेक्टर प्रियदर्शन क्लासिक कॉमेडी फिल्में बनाने के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने दे दना दन, हंगामा, हलचल, गरम मसाला जैसी फिल्मों का डायरेक्शन किया है। अब ताजा खबरों की माने तो डायरेक्टर एक बार फिर अक्षय कुमार को लेकर एक जबरदस्त एंटरटेनर फिल्म बना रहा हैं। खास बात ये है कि इस फिल्म के लिए आलिया भट्ट, कियारा अडवानी और कीर्ति सुरेश जैसी एक्ट्रेसेज के नाम सामने आए हैं। इस फिल्म को लेकर अभी डायरेक्टर इन चारों एक्टर्स के नाम पर चर्चा कर रहे हैं। बातचीत जारी है लेकिन कुछ भी कन्फर्म नहीं। प्रियदर्शन अपनी आने वाली फिल्म के लिए अक्षय कुमार के साथ इंडस्ट्री की बड़ी हीरोइन को एक साथ लाने का सपना देख रहे हैं। इस लिस्ट में आलिया भट्ट, कियारा अडवानी और कीर्ति सुरेश का नाम शामिल हैं।

## टीवी मसाला



# चिलचिलाती गर्मी में बेटियों संग पूल में उतरीं देबिना बनर्जी...

**नई दिल्ली।** टीवी की सीता माता देबिना बनर्जी अपनी दोनों बेटियों के साथ खूब मस्ती करती हैं। वो अक्सर उनके साथ फोटोज शेयर करके इंटरनेट पर लोगों का दिल जीत लेती हैं। एक बार फिर से देबिना ने गर्मी में पूल में मस्ती की है और बेटियों के साथ इसे और भी एक्साइटिंग बनाया है। टेलीविजन इंडस्ट्री में सबसे अधिक पसंद की जाने वाली एक्ट्रेसेस में देबिना बनर्जी हैं। देबिना ने 'रामायण' में अपने को-एक्टर रहे गुरमीत चौधरी से शादी की है। बीते सालों में, इस जोड़ी ने कई कपल्स गोल्स दिए हैं। इनकी दो बेटियां हैं, जिनके साथ अक्सर देबिना मस्ती करती दिखती हैं। हाल ही में उन्होंने बेटियों के साथ पूल पार्टी भी की। जहां देबिना अपने पति और बेटियों के साथ बेहद खुश हैं, वहीं वह अपनी छोटी बच्चियों के साथ भी अच्छा समय बिता रही हैं। क्योंकि वे बड़ी हो रही हैं। वे बहुत प्यारी दिखती हैं और गर्मी को देखते हुए देबिना ने पूल के अंदर गोता लगाकर अपने बच्चों के साथ मस्ती की है। पूल के पानी के अंदर खेलते हुए दोनों खुश दिख रही हैं और उनकी तस्वीरें बहुत प्यारी हैं।

# आसमान छूना चाहते हैं 'बालवीर' फेम देव जोशी

**नई दिल्ली।** टीवी की दुनिया का जाना पहचान चेहरा हैं देव जोशी। बच्चों के चहेते बालवीर यानी देव जोशी का चांद पर जाने का सपना भी



अब जल्द ही पूरा होने जा रहा है। अब देव जोशी फिल्मों में नहीं, बल्कि असल में चांद की सैर करने वाले हैं। इसके लिए वह खास ट्रेनिंग भी लेने वाले हैं। बीते साल खद्रु देव जोशी ने इसकी जानकारी अपने सोशल मीडिया पर दी थी। देव जोशी को जापान के यासुका मीजावा ने डियर मून मिशन के लिए चुना गया है। हफ्ते की इस ट्रिप के दौरान पूरे 10 लोग चांद की सैर करेंगे। देव ने बताया था कि वह अपने पायलट ट्रेनिंग शुरू करने के लिए काफी एक्साइटेड हैं और वह इसका बड़ी ही बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

# बॉलीवुड से 100 गुना बेहतर हैं कोरियाई फिल्में : नसीरुद्दीन



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता नसीरुद्दीन शाह भारतीय सिनेमा में एक महान शख्सियत हैं। पिछले चार दशकों में, उन्होंने फिल्म, थिएटर और टेलीविजन पर अपने प्रतिष्ठित प्रदर्शन से छाप छोड़ी है। नसीरुद्दीन शाह शानदार अभिनय से साथ अपने बेबाक अंदाज के लिए भी जाने जाते हैं। कई बार उनकी कही बातों पर विवाद भी खड़ा हो जाता है। हाल ही में उन्होंने हिंदी सिनेमा में बन रही फिल्मों पर खुलकर बात की। नसीरुद्दीन शाह का कहना है कि कोरियाई फिल्में बॉलीवुड की फिल्मों से 100 गुना बेहतर हैं। हम दुनिया में ढिंढोरा पीट रहे हैं कि हमारी फिल्में सर्वश्रेष्ठ हैं। मैं यह नहीं कहूंगा कि मुझे बॉलीवुड की प्रेम कहानियां पसंद हैं। उन्होंने आगे कहा, 'हॉलीवुड ही हमारा एकमात्र संदर्भ बिंदु है। जैसे भारतीय खाना खाया जाता है, हमारी फिल्में भी उसी तरह देखी जाती हैं। हालांकि, भारतीय खाने में कम से कम कुछ स्वाद तो है। हिंदी बुलबुला एक दिन फूट जाएगा और मुझे अभी से इसके बारे में यकीन है। क्योंकि हिंदी फिल्मों में अब सार की कमी है, उन्हें नए पैंतरे अपनाने की जरूरत है। नसीरुद्दीन अपने बयान को लेकर बुरी तरह फंस गए हैं। अभिनेता की सोशल मीडिया पर काफी ट्रोलिंग हो रही है। एक यूजर ने लिखा, 'आपको कोरिया में ही बस जाना चाहिए।' दूसरे यूजर ने लिखा, 'यह वही लोग हैं, जो देश में रहकर ही यहां की बुराई करते हैं।' एक और यूजर ने लिखा, 'आप भी अब से कोरियाई फिल्मों में ही काम किया कीजिए।' नसीरुद्दीन शाह ने अपनी बेजोड़ प्रतिभा और काम से दर्शकों का मन मोह लिया। उन्हें आखिरी बार आसमान भारद्वाज द्वारा निर्देशित 'कुट्टी' में देखा गया था। फिल्म में तब्बू, अर्जुन कपूर, राधिका मदान, कोंकणा सेन शर्मा और कुमुद मिश्रा भी अहम भूमिकाओं में थे।

# वो बॉलीवुड एक्टर जिसके हुनर के आगे सब थे नतमस्तक!

**मुंबई।** 80 के दशक में बॉलीवुड पर सदाशिव अमरापुरकर का राज चलता था। बिना इनके निगेटिव रोल्स के फिल्म अधूरी मानी जाती थीं। फिर चाहे वो 'सड़क' में महारानी बनकर लोगों की रूह कंपा देना हो या फिर 'अर्ध सत्य' में रामा शेट्टी के किरदार में जान फूंक देना हो। 'सड़क' में तो सदाशिव ने ऐसी दमदार एक्टिंग की थी कि फिल्मफेयर को अलग से निगेटिव रोल कैटेगरी का ऐलान करना पड़ा और पहला अवॉर्ड सदाशिव को मिला था। साल 1948 में आज ही के दिन पैदा होने वाले सदाशिव के फिल्मों में निभाए किरदार अमिट हैं। उनकी यादें अमिट हैं। विलेन बनने के बाद वो कॉमिक रोल्स और सपोर्टिंग रोल्स में भी नजर आए, लेकिन उनकी आत्मा 'थिएटर' में बसती थी। उन्होंने खुद कहा था कि थिएटर उनकी सांसें हैं। और जब एक्टिंग से दूर होते थे तो समाज की भलाई में खुद को सौंप देते थे। एक बार उनके साथ लोगों ने बहुत बुरा बर्ताव किया था। सदाशिव लोगों की अच्छाई चाहते थे, लेकिन होली के हुड़दंगियों के सिर पर ऐसी खुमारी सवार थी कि उन्होंने एक्टर की पिटाई कर दी थी। बहुत ही शर्मनाक। पर सदाशिव ने इस घटना को दिल से



नहीं लगाया और तमाम एनजीओ के जरिए जरूरतमंदों के लिए मदद का हाथ आगे बढ़ाते रहे। ऐसे ही थे सदाशिव अमरापुरकर।

सदाशिव अमरापुरकर का जन्म 11 मई 1948 को बॉम्बे (अब मुंबई) में हुआ था। उनका असली नाम गणेश कुमार नारवोडे भी बताया जाता है। 1983 से 2013 तक 300 से ज्यादा फिल्मों में काम करने वाले सदाशिव को 1991 में 'सड़क' फिल्म की महारानी बनकर पहचान मिली। उन्हें अपने करियर का पहला फिल्मफेयर अवॉर्ड मिला और फिल्मफेयर ने पहली बार निगेटिव रोल कैटेगरी के लिए अवॉर्ड दिया था।

## तवायफों पर आधारित फिल्में और सीरीज

# इन अभिनेत्रियों ने निभाया था वेश्या का किरदार

*मुंबई। बॉलीवुड में हर तरह की फिल्में बनती आई हैं, जिनमें तवायफों पर आधारित फिल्मों ने एक खास जगह लोगों के दिलों में बना रखी है। पाकीजा, उमराव जान, देवदास, गंगूबाई काठियावाड़ी और अब हीरामंडी भी तवायफों पर आधारित है। 1 मई को ओटीटी पर रिलीज हुई वेब सीरीज 'हीरामंडी द डॉयमंड बाजार' में मनीषा कोइराला, अदीति राव हैदरी, ऋचा चड्ढा, संजीदा शेख, शर्मिन सहगल और सोनाक्षी सिन्हा ने अहम भूमिका निभाई है। यह फिल्म पूरी तरह से तफायफों की जिंदगी पर आधारित है। इस फिल्म में मनीषा कोइराला ने मल्लिकाजान का किरदार निभाया है, जो सभी तफायफों की हैड होती हैं। इसके अलावा अदीति राव हैदरी ने मल्लिकाजान की बेटी बिब्बोजान का किरदार निभाया है। संजीदा शेख ने मल्लिकाजान की छोटी बहन फहीदा की भूमिका निभाई है। ऋचा ने लज्जो, शर्मिन सहगल ने आलमजेब का किरदार निभाया है। सोनाक्षी सिन्हा ने इस सीरीज में दो किरदार निभाए हैं। सोनाक्षी ने रेहाना आपा और फरदीन का किरदार निभाया है।*




### गंगूबाई काठियावाड़ी

भंसाली की फिल्म 'गंगूबाई काठियावाड़ी' तवायफों पर आधारित है। इस फिल्म में आलिया ने गंगूबाई का की तवायफ का किरदार निभाया था। आलिया भट्ट अभिनीत 'गंगूबाई काठियावाड़ी' गंगा की सच्ची कहानी पर आधारित है, जो नादानी में एक फिल्म स्टार बनने के लिए घर से भागती है, लेकिन वेश्यावृत्ति में मजबूर हो जाती है। वह वेश्यालयों में श्रम अधिकारों की शुरुआत करती है, और वेश्याओं को सप्ताह में एक बार छुट्टी देने की वकालत करती है। गंगूबाई आगे चलकर उस वेश्यालय की मालकिन और माफिया रानी बन जाती है। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉक बस्टर साबित हुई थी।




### पाकीजा

फिल्म 'पाकीजा' में मीना कुमारी ने एक तवायफ की भूमिका निभाई थी। इस फिल्म में मीना कुमारी ने एक वैश्या साहिबजान का किरदार निभाया है।



### उमराव जान

1981 में रिलीज हुई फिल्म 'उमराव जान' में रेखा ने एक तवायफ का किरदार निभाया था। इस फिल्म का निर्देशन मुजफ्फर अली ने किया था। इस फिल्म को मिर्जा हादी रुस्वा के लिखे गए उपन्यास उमराव जान अदा पर बनाया गया था। बॉलीवुड की दिग्गज अभिनेत्री रेखा ने इस फिल्म में लखनऊ की एक तवायफ उमराव जान का किरदार निभाया था। जिसका बचपन का नाम आमरीन था लेकिन एक घटना के बाद वह कोठेवाली बनने पर मजबूर हो जाती है।



### देवदास

संजय लीला भंसाली की फिल्म 'देवदास' में माधुरी दीक्षित तवायफ के किरदार में नजर आई थीं। शाहरुख खान और ऐश्वर्या राय और माधुरी दीक्षित की फिल्म देवदास अपनी रिलीज के इतने सालों बाद भी लोगों को पसंद है। देवदास और पारो के बीच की इस प्रेम कहानी में तवायफ चंद्रमुखी का प्यार देखने लायक था। फिल्म में माधुरी दीक्षित ने तवायफ का किरदार निभाया था।

## खबर संक्षेप

### 5 व्यक्तियों से 57 बोतल शराब की बरामद

**हिसार।** अवैध रूप से शराब बेचने वालों पर कार्रवाई करते ही आदमपुर और अग्रोहा थाना पुलिस ने अलग-अलग जगह से 5 व्यक्तियों को काबू कर 57 बोतल अवैध शराब बरामद की है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि थाना आदमपुर पुलिस ने गश्त के दौरान सूचना के आधार पर गांव मोहब्बतपुर से संदीप कुमार वासी मोहब्बतपुर को 13 बोतल अवैध शराब, गांव सदलपुर निवासी प्रमोद को 12 बोतल अविध शराब और ढाणी मोहब्बतपुर निवासी सुनील कुमार को 12 बोतल अवैध शराब सहित काबू किया। थाना अग्रोहा पुलिस ने गांव कुलेरी निवासी विक्रम और बलदेव को काबू कर क्रमशः 10-10 बोतल अवैध शराब बरामद की।

### प्रत्याशी को आपराधिक रिकार्ड का देना होगा ब्योरा

**सिरसा।** नामांकन की प्रक्रिया पूरी होने तथा चुनाव निशान आवंटित होने के बाद जिस किसी उम्मीदवार के खिलाफ कोई आपराधिक मामला दर्ज है तो उसे मतदान की तारीख से दो दिन पहले तक तीन दफा इलेक्ट्रोनिक मीडिया और प्रिंट मीडिया में इसकी सूचना प्रकाशित करवानी होगी। उम्मीदवार किसी राजनैतिक पार्टी का है तो उसे पार्टी मुख्यालय को भी इस सूचना से अवगत करवाना आवश्यक है, ताकि वेबसाइट पर आपराधिक मामलों की जानकारी दे सके। जिला निर्वाचन अधिकारी आर के सिंह ने बताया कि नौ मई को नामांकन प्रक्रिया का कार्य पूरा हो चुका है।

### 530 ग्राम गांजा के साथ एक महिला गिरफ्तार

**हांसी।** पुलिस की एएनसी स्टाफ टीम ने 530 ग्राम गांजा के साथ एक महिला को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ थाना शहर हांसी में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### स्कूटी चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**हिसार।** पुलिस ने बस स्टैंड के पीछे से स्कूटी चोरी मामले में आरोपी राजीव नगर निवासी अमन कुमार को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने आरोपी से चोरी शुदा स्कूटी बरामद की है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 13 मई को थाना शहर हिसार में ईश्वर सिंह ने शिकायत दी थी।

## शत प्रतिशत रहा एमपी रोही कन्या विद्यालय का परिणाम, 22 छात्राओं ने हासिल की मेरिट

# मेरिट वाली छात्राओं का फूलमालाओं से किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

कक्षा दसवीं का बोर्ड परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत आने, 22 मैरिट तथा दस छात्राओं के 90 प्रतिशत से अधिक अंक आने पर राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, मोहम्मदपुर रोही में आज उत्साह दिवस व प्रतिभा सम्मान समारोह मनाया गया। कक्षा दसवीं में मैरिट प्राप्त करने वाली 22 छात्राओं को पहले तो फूलमालाओं से उनका स्वागत किया गया, फिर वाहनों में बिठाकर गाजे-बाजे के साथ सरकारी विद्यालयों की जय-जयकार के साथ पूरे गांव में एक रैली भी निकाली गई। इनके पीछे-पीछे करीब साढ़े 3 सौ छात्राएं नारे लगाते हुए जोश के साथ चल रही थी। कुछ बच्चे वाहनों के आगे-आगे नृत्य करते हुए चल रहे थे। इन बच्चों का हौंसला बढ़ाने के लिए विद्यालय के प्राचार्य भगवान दत्त, सरपंच रामेश्वर दास, एसएमसी प्रधान कालूराम के अलावा विद्यालय के समस्त स्टाफ सदस्य व ग्रामवासी भी साथ-साथ चल रहे थे। बच्चों में उत्साह देखने वाला था। करीब दो घंटे गांव की गली-गली में घूमकर बच्चों ने यह संदेश दिया कि राजकीय विद्यालयों में बच्चों का भविष्य उज्ज्वल है। रैली निकालने से पूर्व प्रार्थना सभा में मैरिट प्राप्त छात्राओं सहित सभी विद्यार्थियों को शानदार परिणाम पर बधाई देते हुए प्राचार्य भगवान दत्त ने अपने संबोधन में भविष्य तय करने, सफलता के लिए बहुत सी महत्वपूर्ण बातें बताई। उन्होंने कहा कि अगर कामयाब होना है तो कोर्स की किताबों के साथ-साथ सामान्य ज्ञान होना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि कुछ भी बनो किन्तु बेहतर इंसान अवश्य बनो, क्योंकि स्वार्थी लोग समाज का भला नहीं कर सकते। इस अवसर पर मैरिट प्राप्त करने वाली छात्राओं अंकिता, रविना, खुशी, अनमोल, मंजू, मनीता, मोनिका, मनप्रीत, रजनी, चाहत, चंद्रकला, रीतू, अप्सरा, सुखदेवी, खुशबू, महक, सिमरन, वंदना, पूजा, पूजा रानी व पूनम को सम्मानित किया गया।



फतेहाबाद। एमपी रोही में रैली निकालती 10वीं की परीक्षा में अव्वल रही छात्राएं।

### राजकीय माडल संस्कृति विद्यालय का परीक्षा परिणाम रहा शानदार

**डबवाली।** सीबीएसई बोर्ड द्वारा घोषित मैट्रिक व सीनियर सेकंडरी के परीक्षा परिणामों में स्वतंत्रता सेनानी वैद्य रामदयाल राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मंडी डबवाली का परीक्षा परिणाम शानदार रहा। प्रधानाचार्य लक्ष्मणदास नाहर ने बताया कि बारहवीं बोर्ड परीक्षा में कुल 139 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी जिनमें से 12 विद्यार्थियों ने मैरिट प्राप्त करते हुए परीक्षा उत्तीर्ण की है, जिसमें प्रथम स्थान में अंशु कुमार ने 90 प्रतिशत, द्वितीय स्थान पूनम 88.6 प्रतिशत व तृतीय स्थान लिजा ने 88.4 प्रतिशत अंक हासिल कर अभिभावकों व स्कूल का नाम रोशन किया है। स्कूल के 12 बच्चों ने मेरिट प्राप्त की व 63 बच्चों ने प्रथम श्रेणी में परीक्षा पास की। इसी प्रकार मैट्रिक परीक्षा में 101 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी जिसमें 5 विद्यार्थियों को छोडक़र बाकी सभी उत्तीर्ण रहे। स्कूल स्तर पर मोहित कुमार ने 77.6 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम स्थान, हरजोत सिंह ने 75.8 प्रतिशत अंक लेकर द्वितीय स्थान तथा नवजोत सिंह ने 71.8 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान हासिल किया। इसके अलावा 10 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। प्रधानाचार्य ने सभी संबंधित स्टाफ सदस्यों, बच्चों व उनके अभिभावकों को इस उत्कृष्ट सफलता पर शुभकामनाएं दी व बच्चों के उज्ज्वल भविष्यि की कामना करते हुए कहा कि भविष्यि में भी इसी प्रकार मेहनत जारी रखते हुए वद्यिार्थियों को जीवन में सफलता की राह पर प्रेषित किए जाने के लिए प्रयास किए जाएंगे।

### मदर टेरेसा कॉन्वेंट स्कूल का शत प्रतिशत रहा परिणाम

**भट्टूकलां।** मदर टेरेसा कॉन्वेंट स्कूल भट्टू मण्डी ने अपनी सफलता के पर्व में एक बार फिर से नई ऊंचाईयों को छू लिया और क्षेत्र में शत प्रतिशत रिजल्ट दिया। सीबीएसई द्वारा घोषित वार्षिक परिणामों के साथ, स्कूल के विद्यार्थियों ने जिले में अपने नाम की रोशनी फैलाई। इस वर्ष कक्षा 12वीं में चिकित्सा संकाय के छात्र जतिन ने जिले में पहले स्थान को हासिल किया, जबकि तमन्ना ने गैर-चिकित्सा संकाय में दूसरे स्थान पर रही। प्रथा ने कला संकाय से तीसरे स्थान हासिल किया। विद्यार्थियों ने अपने विभागों में उच्च अंक प्राप्त किए। प्रथा ने कला संकाय में 95.4 प्रतिशत, गर्व ने वाणिज्य संकाय में 95.6 प्रतिशत और जतिन ने चिकित्सा संकाय में 95.4 प्रतिशत के साथ पहले स्थान को हासिल किया। राहुल कुमार और ऋषित ने गणित में 100 प्रतिशत अंक प्राप्त किए और कनिता ने इकोनॉमिक्स में 100 प्रतिशत अंक प्राप्त करके केंद्रीय माध्यमिक परीक्षा बोर्ड द्वारा उत्कृष्टता पुरस्कार प्राप्त किया है। दसवीं और बारहवीं बोर्ड परीक्षा में 64 छात्र मेरिट प्राप्त करने में सफल रहे हैं।

## शानदार रहा स्कॉलर्स स्कूल का परिणाम, दसवीं में रिया रही प्रथम

**फतेहाबाद।** सीबीएसई द्वारा जारी दसवीं और बारहवीं के परीक्षा परिणाम में स्कॉलर्स कान्वेंट स्कूल के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया है। दसवीं के परीक्षा परिणाम में स्कूल की छात्रा रिया गोदारा ने 500 में से 481 यानि 96. 2 प्रतिशत अंक हासिल करके प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके साथ साथ दिव्या ने 468 अंक लेकर द्वितीय स्थान और सोनिया गिल्होत्रा ने 459 अंक लेकर तीसरा स्थान हासिल किया। इसके साथ ही स्कूल के 16 विद्यार्थियों ने बोर्ड मेरिट हासिल की। कक्षा बारहवीं में हुमानिटीज में कोमल रानी ने 470 यानि 95 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम स्थान, गुरलीन कौर ने 463 अंक लेकर द्वितीय स्थान और जीनू ने 444 अंक लेकर तीसरा स्थान हासिल किया है। कॉमर्स स्ट्रीम में मनीषा तनेजा ने 472 अंक लेकर प्रथम स्थान, नन्दनी ने 466 अंक लेकर द्वितीय स्थान और गुंजन ने 459 अंक लेकर तीसरा स्थान प्राप्त किया है। साइंस स्ट्रीम में कोहिनूर बिश्नोई ने 470 अंक लेकर पहला स्थान, तनु कांगड़ा ने 466 अंक लेकर द्वितीय स्थान और कुमुद बत्रा ने 461 अंक लेकर तीसरा स्थान हासिल किया है। स्कूल के कुल 84 में से 25 विद्यार्थियों ने बोर्ड मेरिट हासिल की हैं। स्कूल संरक्षक बनवारी लाल तनेजा ने इस उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम के लिए सभी सफल विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों और कार्यकुशल अध्यापकों को बधाई दी। स्कूल प्रबंधक शैलेन भास्कर और प्रिंसिपल ज्योति मेहता ने बताया कि स्कूल के स्थापना वर्ष में कुमुद बत्रा ने फतेहाबाद में प्रथम स्थान लेकर जिस मुकाम को हासिल किया था, उसी परंपरा को जारी रखते हुए स्कूल की स्थापना के मात्र तीसरे वर्ष में ही विद्यार्थियों ने इतना अच्छा परिणाम देकर अभिभावकों के विश्वास पर खरे उतरने का काम किया है। उन्होंने बताया कि नीट में भी अच्छा परिणाम आया है और नीट परीक्षा में विद्यार्थियों के उम्दा प्रदर्शन को देखते हुए पहले ही बैच में शानदार प्रदर्शन का विश्वास है और कहा कि नीट परीक्षा में भी स्कूल के विद्यार्थी केवल स्कूल स्तर पर पढ़कर कामयाब होकर एक नयी मिसाल कायम करेंगे।



फतेहाबाद। स्कॉलर्स स्कूल में अव्वल रहे विद्यार्थी।

### गांधी विद्या मंदिर का 10वीं व 12वीं कक्षा का शानदार परीक्षा परिणाम, पवनीत कौर ने 97 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम


**फतेहाबाद।** सेक्टर 12 स्थित गांधी विद्या मंदिर का सीबीएसई बोर्ड की दसवीं व बारहवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम गत वषारें की भांति इस वर्ष भी शानदार रहा। कक्षा दसवीं की पवनीत कौर ने 97 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम, तनवी ने 93.2 प्रतिशत अंक लेकर द्वितीय तथा गुनताज ने 91.6 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के कुल 45 बच्चों में से 9 बच्चों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक लेकर बोर्ड मैरिट हासिल की। इन विद्यार्थियों में पवनीत 97, तनवी 93.2, गुनताज 91.6, कंचन 87.8, मुस्कान 86.6, पीयूष झा 84.4, साक्षी 82.2, ईशु 80.2 तथा जश्न 80 ने प्रतिशत अंक हासिल किए। कक्षा बारहवीं में योगिता जाखड़ ने 93.2 प्रतिशत, ध्रुव 91.2 प्रतिशत तथा सिमरनजीत ने 90.2 प्रतिशत अंक लेकर क्रमशः प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा बारहवीं में योगिता जाखड़ 93.2 प्रतिशत, ध्रुव 91.2 प्रतिशत, सिमरनजीत 90.2 प्रतिशत, खुशी 89.2 प्रतिशत, पलक 89 प्रतिशत, राजदीप 88.4 प्रतिशत, मनीषा 85.6 प्रतिशत, मोहित शाक्य 81.6 प्रतिशत व पल्लवी ने 80 प्रतिशत अंक लेकर बोर्ड मैरिट प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। इस शानदार परीक्षा परिणाम के लिए विद्यालय के प्रिंसीपल सुशील शर्मा व वाइस प्रिंसिपल मोनिका शर्मा ने सभी बच्चों, अभिभावकों व अध्यापकों को शुभकामनाएं दी।




फतेहाबाद। गांधी विद्या मंदिर में अव्वल रहे विद्यार्थियों को बधाई देते स्कूल प्रबंधक।

### सेंट जोसफ स्कूल के अर्चिता व एशमिन ने 96.6 प्रतिशत के साथ किया टोहाना में टॉप

**फतेहाबाद।** टोहाना के भूना रोड स्थित सेंट जोसफ इंटरनेशनल स्कूल का 12वी तथा 10वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। यह जानकारी देते हुए प्राचार्या मारियालीन लुईस ने बताया कि टोहाना शहर से टॉपर सेंट जोसफ इंटरनेशनल स्कूल से ही है। उन्होंने बताया कि 96.6 प्रतिशत के साथ अर्चिता कॉमर्स संकाय व एशमिन आट्‌र्स संकाय में टोहाना से टॉपर रही। कॉमर्स संकाय में काजल 92.2 प्रतिशत, प्रेरणा 92 प्रतिशत, नवरूप 91.8 तथा ऑट्‌र्स संकाय में शैम सिमलई 91.6 प्रतिशत अंक लेकर स्कूल का नाम रोशन किया। प्राचार्या ने बताया कि इनके अलावा 10वीं कक्षा में तनुप्रीत कौर ने 95 प्रतिशत अंकों के साथ स्कूल में टॉप किया इसके अलावा 10वीं व 12वीं के सभी विद्यार्थी मेरिट होल्डर रहे। इस अवसर पर स्कूल प्रशासक डॉ. श्रेया ने बच्चों को बधाई दी तथा मिठाई खिलाकर उनका स्वागत किया। डॉ. श्रेया



फतेहाबाद। टोहाना के सेंट जोसफ स्कूल में अव्वल रही विद्यार्थियों को बधाई देते स्कूल स्टाफ सदस्य।

### गुरुनानक अकेडमी का 12वीं का परिणाम रहा शानदार

**रतिया।** सीबीएसई बोर्ड द्वारा जारी किए गए 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में गुरूनानक अकेडमी रतिया का परीक्षा शत-प्रतिशत रहा। यह जानकारी देते हुए प्राचार्य सरदारनी जसबीर कौर ने बताया कि गुरूनानक अकेडमी रतिया का परीक्षा परिणाम हर बार अच्छा आता है और इस बार भी विद्यार्थी बहुत ही अच्छे नंबर लेकर पास हुए हैं। उन्होंने बताया कि जश्न ने प्रथम, प्रियंका रानी ने द्वितीय तथा मनप्रीत कौर ने तृतीय स्थान हासिल किया है। उन्होंने विद्यार्थियों, अध्यापकों, अभिभावकों को शुभकामनाएं दी हैं।

## शानदार रहा बाल वाटिका स्कूल का परिणाम, सर्वेश 97 प्रतिशत के साथ प्रथम

**फतेहाबाद।** बाल वाटिका स्कूल के विद्यार्थियों ने हाल ही में घोषित 10वीं व 12वीं बोर्ड परीक्षा के परिणाम में शानदार प्रदर्शन किया गया। स्कूल का परिणाम शत प्रतिशत रहा।

कक्षा 10वीं में सर्वेश बिश्नोई ने 97 प्रतिशत अंक प्राप्त करके स्कूल में प्रथम स्थान हासिल किया जबकि आदित्य कुमार ने 95 प्रतिशत व काव्या चौधरी ने 92 प्रतिशत अंक हासिल किए। सर्वेश ने गणित में 100 अंक प्राप्त कर प्रभावशाली प्रदर्शन किया। स्कूल की मुख्याध्यापिका रोजी महतानी ने शानदार परिणाम पर विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों व अध्यापकों को बधाई दी। उन्होंने स्कूल के शिक्षकों के समर्पित प्रयासों की सराहना की जो छात्रों का मार्गदर्शन करने और समर्थन प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे है।

रोजी महतानी ने कहा कि यह प्रदर्शन न केवल छात्रों की मेहनत और संकल्प को दर्शाता है बल्कि स्कूल की शिक्षा में उत्कृष्टता और समग्र विकास के प्रति इसकी प्रतिबद्धता को प्रमुख बनाया है। उन्होंने कहा कि बाल वाटिका स्कूल शिक्षा में उच्च मानक स्थापित करता रहता है जो छात्रों को उनकी पूरी संभावना तक पहुंचाने और समाज के लिए सार्थक योगदान करने के लिए प्रेरित करता है।



फतेहाबाद। बाल वाटिका स्कूल में अव्वल रहे विद्यार्थी।

## इंटक ने लोकसभा चुनाव में दिया कांग्रेस को समर्थन, चलाएगी डोर टू डोर अभियान : सीमा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद।

इंटक कार्यकर्ताओं की बैठक आज जिला प्रधान सीमा सरना के निवास पर हुई। बैठक में लोकसभा चुनावों को लेकर चर्चा की गई। बैठक में इंटक ने सिरसा लोकसभा से कांग्रेस को समर्थन देने और कुमारी सैलजा के पक्ष में मतदान को लेकर डोर टू डोर अभियान चलाने का निर्णय लिय। जिला अध्यक्ष सीमा सरना व ओबीसी प्रदेश उपाध्यक्ष सज्जन इंदाछोई ने कहा कि आज के समय में गरीब व मध्यम वर्ग के लोग भाजपा की जननीतियों से प्रताड़ित होने के कारण भाजपा को वोट की चोट देना चाहते हैं। उन्होंने बताया कि किसान वर्ग, मजदूर वर्ग सहित सभी वर्ग भाजपा को चलता कर देने का निर्णय ले चुके हैं। आज प्रदेश में सभी जगह भाजपा पिछड़ते हुए दिखाई पड़ रही है। उन्होंने बताया कि कुमारी शैलजा पहले भी सिरसा लोकसभा सांसद रह चुकी हैं तथा क्षेत्र की जनता उनकी स्वच्छ नीतियों को याद कर रही है व दोबारा से कांग्रेस शासन लाने का मन बना चुकी है। उन्होंने बताया सिरसा लोकसभा क्षेत्र से कुमारी शैलजा 3 लाख मतों से जीत दर्ज कर देश की सबसे बड़ी पंचायत में पहुंचने का कार्य करेंगी। उन्होंने बताया कि इंटक कार्यकर्ता टोहाना हल्के की प्रत्येक गली मोहल्ले में जाकर लोगों को कांग्रेस प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करने की अपील करेंगे तथा लोगों में जागरूकता लाने का भी प्रयास करेंगे।



फतेहाबाद। टोहाना में हुई बैठक में भाग लेते इंटक के पदाधिकारी।

## प्रशांत का एशियन ताइक्वांडो के लिए भारतीय टीम में चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

शाह सतनामजी बॉयज कॉलेज के खिलाड़ी प्रशांत राणा का चयन वियतनाम में हो रही 26वीं एशियन ताइक्वांडो चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम में हुआ है। प्रशांत राणा 58 किलोग्राम भार वर्ग में अपना जौहर दिखाएगा। खिलाड़ी के चयनित होने पर शाह सतनाम जी कॉलेज का समस्त स्टाफ और साथी खिलाड़ी काफी प्रफुल्लित नजर आ रहे है। कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. दिलावर सिंह ने कहा कि प्रशांत राणा ने 29-30 मार्च को नासिक में हुई सीनियर नेशनल चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता था। जिसके पश्चात इसका चयन राजस्थान के जेजे यूनिवर्सिटी झुंझुनू में लगे कैंप के लिए हुआ। कैंप में प्रशांत राणा के हरफमौला खेल को देखते हुए इसका चयन 16 से 19 मई को वियतनाम में हो रही 26वीं एशियन ताइक्वांडो चैंपियनशिप के लिए हुआ है। ताइक्वांडो प्रशिक्षिक रविंदर कुमार ने बताया कि प्रशांत राणा कठिन परश्रिम की बदौलत पिछले तीन साल से सीनियर नेशनल ताइक्वांडो चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीत रहा है। इसके अलावा नेशनल गेम्स में भी रजत पदक हासिल किया है। इस अवसर पर रविंदर कुमार, सहायक प्रो. डॉ. अनिल बैनीवाल, डॉ. सुमित सिंगला, डॉ. बाबुलाल, अमित बुला, हरचरण सिंह, कुलदीप व अशोक कुमार ने खिलाड़ी को बधाई और उज्जवल भविष्य की कामना की।



चयनित प्रशांत राणा

## स्टोरी टेलिंग में अशिमता ने मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

क्रेसंट स्कूल में कक्षा छठी के विद्यार्थियों के लिए कहानी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में सृजनात्मकता, वाकपटुता और आत्मविश्वास का विकास करना था। इसमें विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अद्वितीय मंच प्रदान किया गया। सभी प्रतिभागियों ने अपनी कहानियां से श्रोताओं को मंत्र मुग्ध कर दिया। सभी विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत शिक्षाप्रद कहानियों में कोई न कोई संदेश छिपा हुआ था। विद्यार्थियों ने दयालुता, ईमानदारी, क्षमा, हैप्पीनेस, ग्रेटीट्यूड आदि विषयों पर अपनी अपनी कहानियां का बखान किया। निर्णायक मंडल ने सभी प्रतिभागियों की कहानियों को उनकी प्रस्तुति, शैली, भाव भंगिमा और विषय वस्तु के आधार पर अंक दिए। प्रतियोगिता में अशिमता व बंशुल ने प्रथम पुरस्कार तथा चान्या, सक्षम व खनक ने द्वितीय पुरस्कार तथा पावनी व सरगुन ने तृतीय पुरस्कार एवं गर्वित ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्या पूनम ने सभी प्रतिभागियों के इस अतुलनीय प्रयासों की सराहना की। उन्होंने विद्यार्थियों को निरंतर सृजनात्मकता और शिक्षा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।



फतेहाबाद। क्रेसंट स्कूल में आयोजित स्टोरी टेलिंग प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित करते प्राचार्या।



हिसार। धीमी गति से चल रहे निर्माण कार्य को लेकर रोष जताते सेक्टरवासी।

### सूर्य नगर पुल की वजह से परेशानी झेल रहे सेक्टरवासी

**हिसार।** सूर्य नगर फाटक पर लंबे समय से अंडर पास शुरू नहीं किए जाने व अनेक बार डेड लाइन दिए जाने के बाद भी पुल शुरू नहीं होने से परेशान सेक्टर 3 के निवासियों की एक बैठक हुई और इसके खिलाफ रोष जताया। बैठक में मौजूद सेक्टर के मौजिज व्यक्तियों ने बताया कि लंबे समय से पुल बनाने का काम शुरू है लेकिन अभी तक न ही तो पुल चालू हुआ है और न ही अंडरपास ढंग से चालू किया गया है जिसके चलते सेक्टर 1-3, 4-5 व मीलगेट क्षेत्र के निवासियों को भारी परेशानियों से गुजरना पड़ रहा है। सेक्टवासी संदीप अग्निहोत्री व अन्य निवासियों ने बताया कि सूर्य नगर पुल की कई बार डेडलाइन दी जा चुकी है, लेकिन तय समय सीमा में पुल के निर्माण का काम नहीं किया गया है। अंडर पास की स्थिति भी ऐसी है कि उस पर हर समय जाम लगा रहता है और उसका निर्माण भी अधूरा है। वहीं समय-समय पर इस रास्ते को बंद कर दिया जाता है जिससे यहां के निवासियों को कई किलोमीटर घूमकर शहर के उस क्षेत्र में जाना पड़ता है।

सेक्टरवासियों ने सरकार व प्रशासन के समक्ष मांग उठाई कि पुल नहीं बनने से उन्हें भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस मौके पर दीपक जैन, रजनीश जैन, पीडी कौशिक, गोपाल भारद्वाज, सुमन मलिक, दीपिका जैन, सपना भारद्वाज, हरनेक सिंह सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## विज्ञान शिक्षण को प्रभावी बनाने के लिए प्रभावी कदम उठाएं

# विज्ञान प्रयोगशालाओं को सुचारू रूप से चलाने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

स्कूलों में विज्ञान शिक्षण को प्रभावी बनाने व विज्ञान प्रयोगशालाओं को सुचारू रूप से चलाने के लिए शिक्षा विभाग द्वारा निर्देश जारी किए गए हैं।

जिला विज्ञान विशेषज्ञ डॉ. मुकेश कुमार ने बताया कि स्कूलों में विज्ञान प्राध्यापक एवं अध्यापक विज्ञान प्रयोगशालाएं सुव्यवस्थित कर नियमित रूप से प्रयोग, गतिविधियां तथा प्रोजेक्ट कार्य आयोजित करवाएंगे और लोगबुक में उसका रिकॉर्ड रखेंगे। लोगबुक में उन्हें ये लिखना होगा कि किस कक्षा को किस तारीख को विज्ञान का प्रेक्टिकल करवाया गया और उस समय कितने छात्र और छात्राएं मौजूद थे। साथ ही विज्ञान के प्रेक्टिकल में क्या सामान इस्तेमाल हुआ। संबंधित विज्ञान/गणित प्राध्यापक व अध्यापक विभाग द्वारा जो भी विज्ञान एवं गणित की किट्स उपलब्ध करवाई जाती है उसका विवरण स्टॉक रजिस्टर में दर्ज करेंगे व समय-समय पर सामान का स्टॉक रजिस्टर से मिलान भी करेंगे। साथ ही इस बात का विशेष ध्यान रखा जाएगा कि जो विज्ञान/गणित की किट्स/बॉक्स स्कूलों में आ रहे हैं, उनका इस्तेमाल विज्ञान प्रयोगशाला में जरुर होना चाहिए। यदि भविष्य में पर्यवेक्षण के दौरान कोई भी विज्ञान/गणित किट-बॉक्स सीलबंद अवस्था में मिलता है तो संबंधित अध्यापक उसके लिए पूर्ण रूप से जिम्मेदार होगा।



सिरसा। वद्यिार्थियों को प्रयोगशाला में प्रेक्टिकल करवाते हुए।

### ये हैं बेहद जरूरी

कक्षा 9वीं से 12वीं तक सभी कक्षाएं विज्ञान प्रयोगशालाओं में लगाई जाएं तथा साइंस प्रेक्टिकल का सिलेबस साइंस लैब में चिपकाएं। कक्षा छठी से 8वीं तक के विद्यार्थियों को अपर प्राइमरी साइंस किट्स के माध्यम से विज्ञान के प्रेक्टिकल करवाए जाएं। स्कूलों में एक सुझाव पेटी लगाई जाए ताकि स्कूल के विद्यार्थी विज्ञान शिक्षण को प्रभावी बनाने के लिए अपने सुझाव पत्र के माध्यम से सुझाव पेटी में डाल सकें। सभी स्कूलों में विज्ञान कक्षा की अनिवार्यता सुनिश्चित की जाए। विज्ञान के प्रेक्टिकल्स पाठ्यक्रम अनुसार हों। स्कूल स्तर पर जॉयफुल शनिवार वाले दिन विद्यार्थियों में विज्ञान के प्रति आकर्षण उत्पन्न करने के लिए साइंस प्रेक्टिकलस के आधार पर क्विज कंपटीशन करवाए जाएं।

### विज्ञान मंथन प्रोग्राम में विद्यार्थी और अध्यापक जरूर भाग लें

जिला विज्ञान विशेषज्ञ डॉ. मुकेश कुमार ने बताया कि इस सत्र में सुनिश्चित करेंगे कि विभाग द्वारा चलाए जा रहे प्रोग्राम जैसे इंस्पायर अवार्ड मानक योजना, विज्ञान नाटक, विज्ञान संगोष्ठी, राष्ट्रीय विज्ञान दिवस उत्सव, जिला स्तरीय विज्ञान निबंध लेखन प्रतियोगिता, जिला स्तरीय विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, राष्ट्रीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी, विज्ञान व्याख्यान श्रृंखला, राष्ट्रीय पृथ्वी विज्ञान ओलंपियाड, विद्यार्थी विज्ञान मंथन प्रोग्राम आदि में अधिक से अधिक विद्यार्थी और अध्यापक जरूर भाग लें।

**खबर संक्षेप**



### बाइक सवार दो युवक 20 ग्राम हेरोइन सहित काबू

**कालांवाली।** सीआईए कालांवाली पुलिस ने गश्त के दौरान तख्तमल फाटक के समीप से बाइक सवार दो युवकों को 20 ग्राम हैरोइन सहित गिरफ्तार किया है। सीआईए कालांवाली प्रभारी राजपाल ने बताया कि थाना की एक पुलिस टीम एएसआई कृष्ण कुमार के नेतृत्व में कालांवाली में तख्तमल रेलवे फाटक के वाहनों की जांच कर रही थी। इस दौरान सामने से बाइक पर सवार होकर आ रहे दो युवकों को रोककर बाइक की जांच की तो 20 ग्राम हैरोइन बरामद हुई।

### दो महीने के बच्चे के अपहरण के आरोपी काबू

**डबवाली।** देसुजोधा चौकी पुलिस ने महिला को जूस में नशे की गोलियां मिलाकर दो माह के बच्चे के अपहरण के मामले में एक महिला सहित दो लोगों को गिरफ्तार किया है। देसुजोधा चौकी पुलिस प्रभारी राजेंद्र सिंह ने बताया कि 13 मई को सतपाल सिंह पुत्र बलौर सिंह निवासी चौटाला कि शिकायत पर उसकी पत्नी व बच्चे सुखपाल सिंह को लेकर डबवाली में आई थी। जो नामजद आरोपिया द्वारा कोई जूस में नशे की गोलियां मिलाकर अपहरण करने बारे में मामला दर्ज किया गया है।

### जिले से दो बाइक और ट्रैक्टर चोरी

**सिरसा।** अलग-अलग स्थानों से चोर दो बाइक व एक ट्रैक्टर चोरी कर ले गए। पहले मामले में पुलिस को दिए बयानों में गुरु तेग बहादुर निवासी गुरशाना ने बताया कि बीती 9 मई को वह गुरुद्वारा चल्लिा साहिब में सेवा के लिए गया था। बाइक बाहर खड़ी कर वह अंदर चला गया। कुछ देर बाद आया तो बाइक गायब मिली। दूसरे मामले में गांव किशनपुरा निवासी नरेश कुमार ने बताया कि बीती 12 मई की शाम को वह ऐलनाबाद में खाटू श्याम मंदिर में गया था। इसी दौरान कोई बाइक चोरी कर ले गया।

### 90.32 प्रतिशत गेहूं की फसल का हुआ उठान

**फतेहाबाद।** जिला में अब तक 622085 मीट्रिक टन गेहूं की फसल का उठान किया जा चुका है। जो खरीद का 90.32 प्रतिशत है। जिला में अब तक फूड सप्लाई ने 71591.4 मीट्रिक टन, हैफेड ने 328604 मीट्रिक टन, एचडब्ल्यूसी ने 197955 मीट्रिक टन व एफसीआई ने 23934 मीट्रिक टन गेहूं की फसल का उठान किया गया है। उपायुक्त राहुल नरवाल ने बताया कि जिला में अब तक 44681 किसानों की विभिन्न एजेंसियों द्वारा 688729.85 मीट्रिक टन गेहूं फसल की खरीद की गई है।

### पूर्व मंत्री देवेन्द्र बबली पर बरसे दिग्विजय चौटाला

**फतेहाबाद।** 'तू नी बोलदी, तेरे च तेरा यार बोलदा' कुछ इस गीत के साथ जेजेपी के प्रधान महासचिव दिग्विजय चौटाला ने जेजेपी में बगावत का झंडा बुलंद कर रहे पूर्व मंत्री देवेन्द्र बबली को आड़े हाथ लिया। उन्होंने कहा कि यह बगावती सुर देवेन्द्र बबली नहीं बल्कि पूर्व सीएम मनोहर लाल खट्टर बोल रहे हैं और वे भी 4 जून के बाद चुप हो जाएंगे।

## सामान्य पर्यवेक्षक ने कॉलेज में किया स्ट्रॉग रूम व मतगणना केंद्रों का निरीक्षण

# स्ट्रांग रूम परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों की निरंतर मॉनिटरिंग की जाए

**सामान्य पर्यवेक्षक ने रतिया व टोहाना के पोलिंग बूथों और पुलिस नाकों का किया निरीक्षण**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** ईवीएम स्ट्रॉग रूम व मतगणना केंद्रों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लेते सामान्य पर्यवेक्षक देव कृष्णा तिवारी। *फोटो :हरिभूमि*

सिरसा संसदीय क्षेत्र के सामान्य पर्यवेक्षक देव कृष्णा तिवारी ने मंगलवार को सीएमजी राजकीय महिला महाविद्यालय, भोडिया खेड़ा में बनाए गए ईवीएम स्ट्रॉग रूम व मतगणना केंद्रों का निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। सामान्य पर्यवेक्षक के निरीक्षण दौरे में खर्च पर्यवेक्षक विजय सिंह, जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त राहुल नरवाल, पुलिस अधीक्षक आस्था मोदी, विधानसभा क्षेत्रों के एआरओ एवं एसडीएम प्रतीक हुड्डा, जगदीश चंद्र व राजेश कुमार तथा जिप सीईओ सुरेश कुमार मौजूद रहे। इसके बाद सामान्य पर्यवेक्षक देव कृष्णा तिवारी ने अधिकारियों के साथ रतिया व टोहाना के पोलिंग बूथों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने राज्य की सीमाओं पर लगाए गए नाकों को देखा और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान सामान्य पर्यवेक्षक देव कृष्णा तिवारी ने ईवीएम और वीवीपैट के भंडारण, प्रेषण, स्ट्रॉग रूम की व्यवस्था आदि की जानकारी ली तथा ईवीएम मशीनों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए स्ट्रांग रूम को अच्छी तरह देखा। साथ ही यहां परिसर की बैरिकेडिंग को लेकर भी व्यापक चर्चा हुई। इसी प्रकार ऑब्जर्वर ने जिला की तीनों विधानसभा फतेहाबाद, रतिया, टोहाना तथा नरवाना के लिए चिन्हित मतगणना केंद्रों का निरीक्षण कर वहां 4 जून को होने वाली मतगणना के दिन की जानी वाली व्यवस्था के बारे आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन यह सुनिश्चित करें कि स्ट्रांग रूम क्षेत्र में बिना अनुमति और पास के कोई भी व्यक्ति प्रवेश नहीं कर सकेगा। स्ट्रॉग रूम परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों की निरंतर मॉनिटरिंग की जाए उन्होंने सभी एआरओ को निर्देश दिए कि कंट्रोल रूम में स्ट्रॉग रूम परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों की निरंतर मॉनिटरिंग की जाए। साथ ही स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था से जुड़े अधिकारी व कर्मचारी यह सुनिश्चित करें कि स्ट्रांग रूम में कोई भी व्यक्ति मोबाइल अंदर न लेकर जाएं। उन्होंने कहा कि स्ट्रॉग रूम की पूरी व्यवस्था में जरा सी भी चूक नहीं होनी चाहिए।

उन्होंने मतदान करवाने के लिए ईवीएम डिस्ट्रीब्यूशन और मतदान के बाद ईवीएम जमा किए जाने की व्यवस्था को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण दौरे में उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल नरवाल ने जनरल ऑब्जर्वर को स्ट्रांग रूम में किए गए प्रबंधों से अवगत करवाते हुए कहा कि चुनाव आयोग की हिदायतानुसार पूरी व्यवस्था की गई है। मतगणना केंद्रों पर सुरक्षात्मक दृष्टि से सीसीटीवी कैमरों, सिक्योरिटी फोर्स के पुख्ता प्रबंध किए गए हैं। इसके साथ ही स्ट्रांग रूम का लॉक खोलने की पूरी वीडियोग्राफी करवाई जा रही है।



**फतेहाबाद।** धांगड़ विद्यालय में बच्चों को गुड टच व बैड टच बारे जानकारी देते इंस्पैक्टर सरोज रानी। *फोटो :हरिभूमि*

## बच्चे प्रत्येक छोटी बड़ी बातें अपने माता-पिता से सांझा करें : शारदा

- गांव धांगड़ के पीएमश्री राजकीय वमावि में महिला सुरक्षा को लेकर जागरूकता कैंप का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

महिला विरुद्ध अपराधों की रोकथाम हेतु फतेहाबाद पुलिस महिला जागरूकता अभियान लगातार चलाये जा रहे है। इसी कड़ी में मंगलवार को गांव धांगड़ के पीएमश्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में महिला सुरक्षा को लेकर जागरूकता कैंप लगाया गया। विद्यालय की प्रिंसीपल शारदा बिश्नोई ने पुलिस टीम का विद्यालय में पहुंचने पर स्वागत किया। प्रिंसीपल शारदा बिश्नोई ने उपस्थित महिलाओं एवं छात्र-छात्राओं को उनकी सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। बच्चों व अध्यापिकाओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि बच्चे हर छोटी बड़ी बातें अपने माता-पिता से हर रोज सांझा करें ताकि कोई अनहोनी न हो। अधूरी जानकारी होने के कारण बच्चों के साथ अधिक शोषण होता है। अगर बच्चा समय रहते शोषण संबंधी जानकारी माता-पिता या अध्यापकों को दें तो वे शोषण से बच सकते हैं। इसके अलावा बच्चों को अपने भरोसेमंद को ही सारी जानकारी देनी चाहिए। बच्चे के साथ शोषण जानकार या नजदीक ही करते है, इसलिए जागरूकता में ही बचाव है। उन्होंने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को, विशेष रूप से महिलाओं एवं लड़कियों को उनके अधिकारों के बारे में जागरूक करना है। इसके माध्यम से हम उन्हें पुलिस सहित अलग-अलग एजेंसियों की भूमिका के बारे में शिक्षित भी करेंगे ताकि वे सही जगह पर अपराध की शिकायत कर सकें व महिला विरुद्ध अपराध पर रोक लग सके। जागरूकता अवेयर टीम ने विद्यार्थियों को गुड टच-बैड टच के बारे में भी बताया और किसी भी प्रकार की असुरक्षा महसूस होने पर अपने अभिभावकों या पुलिस को सूचना देने की बात कही।

## उम्मीदवार के खाते में जुड़ेगा प्रचार के लिए बल्क एसएमएस का खर्च

- चुनाव प्रचार के दौरान आपत्तिजनक एसएमएस भेजने वालों पर भी टीम की कड़ी नजर रहेगी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

जिला नर्विाचन अधिकारी आरके सिंह ने कहा कि लोकसभा आम चुनाव-2024 में प्रचार के दौरान उम्मीदवार द्वारा बल्क में भेजे जाने वाले एसएमएस का खर्च भी संबंधित उम्मीदवार के खाते में जोड़ा जाएगा। चुनाव प्रचार अवधि के दौरान वैकल्पिक चुनाव प्रचार के लिए बल्क में भेजे गए एसएमएस की जानकारी जिला प्रशासन व संबंधित सहायक रिटर्निंग अधिकारी को मिलने पर वह सेवा प्रदाता से इस पर व्यय का अनुमान लगवाकर इसे उम्मीदवार के खाते में जोड़ देगा। उन्होंने कहा कि भारत नर्विाचन आयोग की ओर से निर्देश जारी किए गए हैं कि मतदान संपन्न होने के लिए नश्चिति किए गए समय की समाप्ति से 48 घंटे पहले तक की अवधि के दौरान राजनीतिक प्रकृति के बल्क में एसएमएस भेजने पर प्रतिबंध रहेगा। चुनाव प्रचार के दौरान आपत्तिजनक एसएमएस भेजने वालों पर भी टीम की कड़ी नजर रहेगी। आपत्तिजनक एसएमएस की जांच के दौरान एसएमएस भेजने वाले का पता लगाकर उसके खिलाफ नियमानुसार उचित कार्रवाई की जाएगी।

## ईवीएम की दूसरी बैलेट यूनिट का रेंडमाइजेशन

- सभी विधानसभा क्षेत्रों के एआरओ व राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा



**सिरसा।** ईवीएम की दूसरी बैलेट यूनिट का पहला रेंडमाइजेशन में उपस्थित एआरओ व राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि।

लोकसभा आम चुनाव 2024 के मद्देनजर मंगलवार को स्थानीय लघु सचिवालय के सभागार में जिला की सभी पांचों विधानसभा के लिए ईवीएम की दूसरी बैलेट यूनिट का पहला रेंडमाइजेशन किया गया। जिला नर्विाचन अधिकारी आरके सिंह, सभी विधानसभा क्षेत्रों के एआरओ व राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। जिला नर्विाचन अधिकारी आरके सिंह ने बताया कि सिरसा लोकसभा आम चुनाव के लिए इस समय 19 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं, इसलिए प्रत्येक पोलिंग बूथ पर दो मशीनें लगाई जाएंगी। इसी के मद्देनजर मंगलवार को ईवीएम की दूसरी बैलेट यूनिट का पहला रेंडमाइजेशन किया गया। उन्होंने बताया कि रेंडमाइजेशन प्रक्रिया पूरी तरह से पारदर्शी है और इसमें किसी प्रकार की कोई गलती की संभावना नहीं है। रेंडमाइजेशन का कार्य विभन्नि राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में पूरा करवाया गया तथा इस रेंडमाइजेशन की प्रक्रिया की पूरी वीडियोग्राफी भी करवाई गई है। उन्होंने बताया कि रेंडमाइजेशन एक अहम प्रक्रिया है और भारत नर्विाचन आयोग द्वारा बनाए गए ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से ईवीएम का आवंटन होता है। एआरओ सिरसा राजेंद्र कुमार, एआरओ ऐलनाबाद डॉ. वेद प्रकाश आदि मौजूद रहे।

### ढिंगसरा में मोबाइल टावर से एंटिना चोरी

**फतेहाबाद।** चोरों ने गांव ढिंगसरा में लगे मोबाइल टावर से एन्टिना चोरी कर लिए। कम्पनी के कर्मचारी ने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई है। पुलिस को दी शिकायत में गांव भोड़िया बिश्नोईयान, जिला हिसार निवासी शलेन्द्र ने कहा है कि वह रिलायंस कम्पनी जियो के भट्टूकलां व आसपास के गांवों में लगे टावरों की देखभाल का काम करता है। कम्पनी द्वारा गांव ढिंगसरा में हैफेड गोदाम के पास मेन रोड पर जियो कम्पनी का टावर लगाया हुआ है। गत दिवस टावर में से अज्ञात चोर दो ऐन्टिना चोरी कर ले गया। जब उसे इस बारे पता चला तो वह मौके पर पहुंचा और आसपास चोर की काफी तलाश की लेकिन जब कुछ पता नहीं चला तो उसने इस बारे पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई।

## सतीश अरोड़ा जिलाध्यक्ष नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा



**सिरसा।** ऑल इंडिया अरोड़ा खत्री पंजाबी कम्युनिटी की जिला एवं विधानसभा की गठित कार्यकारिणी। *फोटो :हरिभूमि*

ऑल इंडिया अरोड़ा खत्री पंजाबी कम्युनिटी सिरसा जिले के सभी सक्रिय सदस्यों, पदाधिकारियों व अरोड़ा खत्री पंजाबी कम्युनिटी के सदस्यों की एक विशेष बैठक पूर्व जिलाध्यक्ष सतीश अरोड़ा की अध्यक्षता में हुई, जिसमें मुख्यातिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष कमल हांडा थे जबकि अतिविशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय उपाध्यक्ष साहिबदयाल वधवा थे। बैठक में सर्वसम्मति से निर्वतमान जिला अध्यक्ष सतीश अरोड़ा को पुनः जिलाध्यक्ष एवं निवर्तमान विधानसभा अध्यक्ष मनोहर सचदेवा को जिला का वरिष्ठ उपाध्यक्ष, अधिवक्ता मोहनलाल अरोड़ा को जिला महासचिव व प्रेस प्रवक्ता तथा रांझाराम बठला को जिला एवं विधानसभा का संयुक्त कोषाध्यक्ष, डॉ. राजकुमार कामरा को चिकित्सा प्रकोष्ठ सिरसा का अध्यक्ष बनाया गया। इसी प्रकार सुरजीत अरोड़ा को सिरसा विधानसभा का अध्यक्ष बनाया गया और उन्होंने जिलाध्यक्ष एवं केंद्रीय नेतृत्व से विचार विमर्श कर अपनी कार्यकारिणी की घोषणा की। इसमें वरुण वधवा को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, नरेश बजाज को विधानसभा महासचिव, आदित्य खट्टर व रवि फुटेला को उपाध्यक्ष, पार्षद राजेंद्र कालड़ा को मुख्य सलाहकार, जतिन नागपाल को सहसचिव, चंद्र बजाज को वार्ड प्रमुख तथा कार्यकारिणी सदस्यों के रूप में वरुण छाबड़ा, बलदेव कटारिया, प्रवीण अरोड़ा, हर्ष अरोड़ा, भारत भूषण सरदाना, दीपक फुटेला, विकास सेठी को जिम्मेदारी सौंपी।

## परशुराम जन्मोत्सव पर जुटेंगे देशभर से लोग: नवीन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा



**सिरसा।** नवीन जयहिंद पत्रकारों से बात करते हुए।

- प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम का न्योता देने पहुंचे

नवीन जयहिंद ने कहा कि भगवान परशुराम न्याय के देवता थे। आगामी 19 मई को रोहतक के पहरावर में भगवान परशुराम का जन्मोत्सव पर प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है, जिसमें देशभर से सर्वसमाज के लोग उपस्थिति दर्ज करवाएंगे। कार्यक्रम पूरी तरह गैर राजनीतिक होगा। इस कार्यक्रम में स्वयं भगवान परशुराम ही मुख्यातिथि होंगे। नवीन जयहिंद मंगलवार को श्री गीता भवन मंदिर में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। श्री ब्राह्मण सभा सिरसा के प्रधान प्रो. दयानंद शर्मा ने उनका स्वागत किया। नवीन जयहिंद ने कहा कड़े संघर्ष के बाद सरकार ने पहरावर में भगवान परशुराम मंदिर के लिए जमीन रिलीज की है। उन्होंने कहा कि जिस तरह राम मंदिर का नर्मिाण किया गया, ठीक उसी प्रकार पहरावर में भगवान परशुराम के भव्य मंदिर का नर्मिाण किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान भगवान परशुराम की 121 फीट ऊंची प्रतिमा की नींव रखने को लेकर भी चर्चा की जाएगी। जयहिंद ने कहा कि इस कार्यक्रम में आने वाला व्यक्ति किसी भी बिरादरी से हो, उसका पूरा मान-सम्मान किया जाएगा। ब्राह्मण समाज के किसी राजनीतिक दल को समर्थन के सवाल पर जयहिंद ने कहा कि ब्राह्मण समुदाय किसी का समर्थन नहीं करता। समाज के लोग अपने विवेक से मतदान करें। सिरसा व फतेहाबाद में फैले नशे की प्रवृत्ति को लेकर पूछे गए सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि जो लोग वोट मांगने के लिए आ रहे हैं, उनसे ये सवाल जरूर करें। उन्होंने आमजन से आह्वान किया कि वे राजनीतिक दलों के चक्कर में अपना भाईचारा खराब न करें। युवाओं को अपने संदेश में जयहिंद ने कहा कि वे नशे की प्रवृत्ति को छोडक़र अपने लक्ष्य की तरफ ध्यान दें और अपने माता-पिता का नाम रोशन करें। एसवाईएल के मुद्दे पर नवीन जयहिंद ने कहा कि बड़े शर्म की बात है कि वोट मांगने आ रहे राजनीतिक दलों के लोग एसवाईएल को लेकर कोई बात ही नहीं करना चाहते। रोजगार, महंगाई सहित तमाम जनहित से जुड़ी समस्याओं को लेकर सवाल अवश्य करें।

## जिले के 1035 दिव्यांग घर से करेंगे मतदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

जिला निर्वाचन अधिकारी आर के सिंह ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानसुार लोकसभा आम चुनाव-2024 के लिए 40 फीसदी से अधिक दिव्यांग व 85 वर्ष से अधिक उम्र के मतदाताओं से घर से मतदान करने के लिए फार्म 12-डी भरवाया था, जिसके तहत सिरसा जिला के 293 दिव्यांग तथा 85 वर्ष से अधिक आयु के 742 मतदाताओं ने घर से वोट डालने के लिए फार्म 12-डी भर कर आवेदन किया था। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि घर से वोट डालने वाले दव्यिांग व 85 वर्ष से अधिक उम्र के मतदाताओं का 15 मई से 20 मई तक मतदान करवाया जाएगा, जिसके लिए पोलिंग पार्टियां उनके घर पर ही बूथ बनाकर उनका पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान करवाएंगी। मतदान प्रक्रिया को संपूर्ण करवाने के लिए 26 पोलिंग पार्टियां लगाई गई हैं। इसके अलावा मतदान केंद्रों पर भी बुजुर्ग तथा दव्यिांग जनों की सहायता के लिए रेडक्रॉस के वालंटियर मौजूद रहेंगे। जिला नर्विाचन अधिकारी ने बताया कि आगामी 25 मई को होने वाले मतदान के लिए चुनाव आयोग के नर्दिेशानुसार मतदान केंद्रों पर हीट वेव को ध्यान में रखते हुए सभी प्रकार के इंतजाम होंगे। चुनाव आयोग के दिशा निर्देशा अनुसार सभी मतदान केंद्रों पर पर्याप्त मात्रा में पेयजल उपलब्ध रहेगा।

## चुनाव में लगे अधिकारियों और कर्मचारियों को दिया हैंड ऑन प्रशिक्षण

# चुनाव को पारदर्शी, निष्पक्ष व शांतिपूर्ण संपन्न करवाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** चुनाव ड्यूटी कर रहे अधिकारियों व कर्मचारियों को संबोधित करते सामान्य पर्यवेक्षक देव कृष्णा तिवारी। *फोटो :हरिभूमि*

सिरसा संसदीय क्षेत्र के सामान्य पर्यवेक्षक देव कृष्णा तिवारी ने कहा कि प्रीजाइडिंग ऑफिसर्स तथा अल्टरनेट प्रीजाइडिंग ऑफिसर्स सैक्टर ऑफिसर, पोलिंग ऑफिसर सहित अन्य पोलिंग स्टाफ ट्रेनिंग के दौरान चुनाव संबंधित सभी शंकाओं को दूर कर लें। चुनाव आयोग द्वारा दी गई हैंडबुक को ध्यान से पढ़ लें, ताकि चुनाव के दौरान किसी भी प्रकार की समस्या नहीं आए। हमें चुनाव आयोग की हिदायतों का पालन करते हुए चुनाव को पारदर्शी, निष्पक्ष एवं शांति पूर्ण संपन्न करवाना है। सामान्य वर्यवेक्षक देव कृष्णा तिवारी मंगलवार को डीपीआरसी सभागार में फतेहाबाद विधानसभा क्षेत्र के लिए नियुक्त पीओ, एपीओ व चुनाव ड्यूटी में लगे अधिकारियों की रिहर्सल को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर खर्च पर्यवेक्षक विजय सिंह व उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल नरवाल भी मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि चुनाव में लगे सभी अधिकारियों व कर्मचारियों निष्पक्ष रहते हुए कार्य करना है। सैक्टर ऑफिसर को निर्देश दिए कि फिल्ड में जाकर अपने-अपने पोलिंग केंद्रों का फिर से दौरा कर लें। वहां पर सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाएं। इसके अलावा अपने अधीन आने वाले बूथों का रूट प्लान बना लें, ताकि जरूरत पड़ने पर वहां पर समय पर पहुंचा जा सके। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी प्रशिक्षण को गंभीरता से लें। चुनाव के कार्य में कोई भी लापरवाही बर्दास्त नहीं की जाएगी, इसलिए चुनाव की हिदायतानुसार तैयारी पूरी रखें। 25 मई को मतदान के दिन बेहत्तर परफोरमेंस दें।

### फतेहाबाद जिले में 688 मतदान केन्द्र, बैलेट यूनिट का किया गया सप्लीमेंट्री रेंडेमाइजेशन

**फतेहाबाद।** सिरसा लोकसभा क्षेत्र के जनरल आब्जर्वर देव कृष्ण तिवारी, खर्च ऑब्जर्वर विजय सिंह तथा जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त राहुल नरवाल की मौजूदगी में लघु सचिवालय स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में बैलेट यूनिट का सप्लीमेंट्री रैंडेमाइजेशन किया गया। इस दौरान विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि मौजूद रहे। सप्लीमेंट्री रैंडेमाइजेशन चुनाव आयोग के निर्देशानुसार ईसीआई की वेबसाइट पर किया गया। रैंडेमाइजेशन के बाद सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को विधानसभा वाईज एक-एक प्रति भी उपलब्ध करवाई गई। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त राहुल नरवाल ने बताया कि जिला में कुल 688 मतदान केंद्र हैं। सप्लीमेंट्री रैंडेमाइजेशन प्रक्रिया के बाद फतेहाबाद विधानसभा क्षेत्र के लिए पहले 272 बीयू अलॉट की गई थी। अब रैंडेमाइजेशन में 297 बैलेट यूनिट अलॉट की गई है। फतेहाबाद विस क्षेत्र में 283 सीयू और 308 वीवीपैट पहले अलॉट की गई थी। इस रैंडेमाइजेशन के बाद 12 सीयू और 5 वीवीपैट अतिरिक्त अलॉट की गई है। इसी तरह तरह से टोहाना विधानसभा क्षेत्र में पहले 261 बीयू अलॉट की गई थी। अब 284 नई बीयू अतिरिक्त अलॉट की गई है। इसी प्रकार पहले 261 सीयू व 290 वीवीपैट अलॉट की गई थी।